संक्षिप्त

युवती को परेशान करने का मामला

उदयपुर,(कासं)। शहर के सविना थाना पुलिस ने युवती का पीछा कर उसे परेशान करने वाले युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी ज्योतिरादित्य सावली निवासी आजाद नगर तितरड़ी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि घर से पढाई करने आते जाते समय आरोपी पीछा कर मुझे रोकदोस्ती करने के लिए दबाव डाल रहा हैं। ऐसा नहीं करने पर आत्महत्या करने की धमकी दे रहा हैं। 14 फरवरी को आरोपी ने पीछा कर मुझे रोक कर दबाव डाला। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

मकान से जेवरात चोरी, मामला दर्ज

उदयपुर,(कासं)। शहर के बडगांव थाना क्षेत्र में सूने मकान से चोर जेवरात व नकदी चुरा ले गए पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बडगांव थाना क्षेत्र ट्रेजरटाउन के सामने रहने वाले तौकिर हुसैन के सूने मकान का 14 फरवरी को चोर ताला तोड़ कर सोन चांदी के जेवरात व करीब 20 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए।15 फरवरी को सवेरे तौकिर परिचित से मिलने के लिए परिवार सहित ईसवाल गया था। वहां से लौटने पर देखा तो ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। इस पर तलाशी ली तो सोने की अंगुठी, चेन, हार सेट व चांदी के सिक्के सहित अन्य जेवरात व करीब 15 हजार रूपये नकदी गायब थी। मौके पर सीसीटवी केमरे देखने पर जानकारी सामने आई गेट के बाहर कार खड़ी कर बदमाश फाटक से कूद कर अंदर गए तथा ताला तोड़ कर वारदात कर फरार हो गए।

नियमित सहायकों का प्रशिक्षण शुरू

उदयपुर,(कासं)। जनगणना 2027 के कार्य सम्पादन हेतु प्रथम चरण में जिले के कुल 23 चार्जों के नियमित सहायकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से जिला परिषद सभागार, उदयपुर में प्रारम्भ हुआ। जिला जनगणना अधिकारी एवंअति. जिला कलक्टर (प्रशासन), उदयपुर दीपेन्द्र सिंहराठौड़ ने बताया कि जनगणना कार्य हेतु नियमित सहायकों की भूमिका एवं उत्तरदायित्त्व महत्त्वपूर्ण है। यह जनगणना भारत की 16वीं जनगणना होगी। यह भारतवर्ष की प्रथम डिजीटल जनगणना होगी जिसमें आमजन स्वयं भी स्वगणना विकल्प का उपयोग करके अपनी गणना कर सकेंगे। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस जनगणना चार्जों के द्वारा फील्ड ट्रेनर्स, प्रगणक एवं पर्यवेक्षक की नियुक्ति सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से तथा मकान सूचीकरण ब्लॉक का निर्धारण एचएलबीसी पोर्टल के माध्यम से किये जाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

Name Change

I Indian Passport holder number L4280337 Changed my name from AKEEL ALI BOHRA S/O SHABBIR ALI BOHRA R/O KANKROLI, RAJSAMAND, RAJASTHAN, 313324 TO AKIL ALI BOHRA S/O SHABBIR ALI BOHRA R/O KANKROLI, RAJSAMAND, RAJASTHAN, 313324 for all purpose

कार्यालय नगर परिषद, राजसमंद
जिला-राजसमंद

क्रमांक : नपरा/राजस्व/2025-26/4315 दि. 12.1.2026

आपत्ति सूचना पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्री राजेश कुमार सोनी पिता श्री ख्यालीलाल जी निवासी धानीन तहसील गढ़बोर जिला-राजसमंद द्वारा ऑनलाईन क्रमांक : 85177 से पैतृक/खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय पट्टेशुदा भूखण्ड/मकान जो राजस्व ग्राम धोइन्दा के आराजी नं. 109 व 112 पट्टा सं. 4858 दिनांक 30.01.2013 भूखंड सं. 23 का क्षेत्रफल 2000.00 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया। आवेदक द्वारा क्रयशुदा/प्राप्तशुदा उक्त भूखण्ड सं. 23ए का क्षेत्रफल 1000.00 वर्गफीट का उपविभाजन/एकीकरण नामान्तरण चाही गयी है। जिसके पडौस निम्नानुसार है:-

पूर्व	25'0''	पड़ौस	रास्ता 30 फीट चौड़ा
पश्चिम	25'0''	पड़ौस	प्लॉट संख्या 26
उत्तर	40'0''	पड़ौस	रास्ता 30 फीट चौड़ा
दक्षिण	40'0''	पड़ौस	प्लॉट सं. 23 बी

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का उपविभाजन/एकीकरण/नामान्तरण जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त
नगर परिषद, राजसमंद

कार्यालय नगर परिषद, राजसमंद
जिला-राजसमंद

क्रमांक : नपरा/राजस्व/2025-26/4314 दि. 12.1.2026

आपत्ति सूचना पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्री दलपतसिंह चौहान पिता श्री देवीसिंह चौहान निवासी मोहनरामजी का गुड़ा, तहसील गढ़बोर जिला-राजसमंद द्वारा ऑनलाईन क्रमांक : 85178 से पैतृक/खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय पट्टेशुदा भूखण्ड/ मकान जो राजस्व ग्राम धोइन्दा के आराजी नं. 109 व 112 पट्टा सं. 4858 दिनांक 30.01.2013 भूखंड सं. 23 का क्षेत्रफल 2000.00 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया। आवेदक द्वारा क्रयशुदा/प्राप्तशुदा उक्त भूखण्ड सं. 23बी का क्षेत्रफल 1000.00 वर्गफीट का उपविभाजन/एकीकरण नामान्तरण चाही गयी है। जिसके पडौस निम्नानुसार है:-

पूर्व	25'0''	पड़ौस	रास्ता 30 फीट चौड़ा
पश्चिम	25'0''	पड़ौस	प्लॉट संख्या 26
उत्तर	40'0''	पड़ौस	प्लॉट संख्या 23ए
दक्षिण	40'0''	पड़ौस	प्लॉट सं. 24

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का उपविभाजन/एकीकरण/नामान्तरण जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त
नगर परिषद, राजसमंद

उदयपुर-असारवा (अहमदाबाद) वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर-असारवा (अहमदाबाद) के बीच वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत सोमवार को उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम व अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। रेलवे की ओर से ट्रेन में पहले दिन स्कूली बच्चों को जावर स्टेशन तक का सफर करवाया गया।

इधर, उदयपुर से चल रही दो वंदे भारत उदयपुर- जयपुर व उदयपुर-आगरा कैंट को बंद कर दिया गया। करीब ढाई साल से इस ट्रेन को इन रूटों पर चलाया जा रहा था लेकिन यात्री भार नहीं मिलने से आखिरकर इनका संचालन बंद करना पड़ा। उदयपुर-असारवा मार्ग पर चलाई गई वंदे भारत ट्रेन का किराया भी अधिक है ऐसे में यह कितनी सफल हो पाती है यह तो इसके नियमित संचालन के बाद ही पता चल पाएगा। उद्घाटन स्पेशल वंदे भारत में अतिथियों के साथ ही उदयपुर के स्कूली बच्चों को निशुल्क सफर करवाया गया। यह ट्रेन उदयपुर से असारवा पहुंचने पर सवा चार घंटे लेगी

उदयपुर-असारवा (अहमदाबाद) के बीच वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत सोमवार को की गई। इस दौरान स्कूली बच्चों को जावर स्टेशन तक नि:शुल्क सफर करवाया गया।

इस वंदे भारत ट्रेन में 8 डिब्बे होंगे जिनमें 7 सीसी (चेयर कार) व 1 ईसी (एग्जीक्यूटिव चेयर कार) लगे होंगे। यह नई रेलसेवा नियमित गाडी संख्या 26963/26964, उदयपुर सिटी-अहमदाबाद (असारवा)- उदयपुर सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस सप्ताह में6 दिन (मंगलवार को छोडकर) 18 फरवरी से संचालित होगी। गाडी संख्या 26963, उदयपुर सिटी-अहमदाबाद (असारवा) वंदे भारत एक्सप्रेस रेलसेवा सप्ताह में 6 दिन (मंगलवार को छोड़) 18 फरवरी को उदयपुर सिटी से ०6.10 बजे रवाना होकर 10.25 बजे असारवा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 26964, अहमदाबाद (असारवा) -उदयपुर सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस रेलसेवा सप्ताह में 6 दिन (मंगलवार को छोड़) 18 फरवरी से असारवा से 17.45 बजे रवाना होकर 22.00 (रात 10 बजे) उदयपुर सिटी पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में जावर, डूंगरपुर व हिम्मतनगर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

उदयपुर सिटी स्टेशन पर इस नई वंदे भारत रेलसेवा का शुभारंभ सांसद उदयपुर डॉ मन्नालाल रावत तथा सांसद चित्तौडगढ सीपी जोशी तथा मंडल रेल प्रबंधक राजूभूतड़ा की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर किया गया।

शादी समारोह में जेवर चोरी

उदयपुर, (कासं)।शहर के लक्ष्मीविलास होटल में शादी समारोह कार्यक्रम के दौरान अज्ञात चोर डॉ. लाखन पोसवाल की पत्नी के जेवरात चुरा ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रो. डॉ. लाखन पोसवाल ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मेरी पुत्री के विवाह समारोह के लिए तीन फरवरी को लक्ष्मी विलास होटल परिसर में महिलाओं के मेंहदी की लगाई जा रही थी। इस दौरान मेरी पत्नी भी वहां मौजूद थी। मेंहदी लगाने के दौरान पत्नी ने अपने हाथों के कंगन निकाल कर पास ही रखे थे। कुछ समय बाद देखा तो कंगल गायब थें इस मामले में पुलिस ने पकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई मोहम्मद अतहर कर रहे है। पुलिस मेंहली लगाने वाली युवतियों से पूछताछ एवं मौके पर लगे सीसीटीवी केमरों की पडताल कर रही है।

'हैंड्स ऑन एमआईएस पीडियाट्रिक व नियोनेटल वर्कशॉप' का शुभारंभ

■ मिनिमली इनवेसिव सर्जरी बच्चों के लिए वरदान

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के शिशु शल्य चिकित्सा विभाग एवं इंडियन एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक सर्जन्स (आईएपीएस) राजस्थान चौप्टर के संयुक्त तत्वावधान में 'हैंड्स ऑन एमआईएस पीडियाट्रिक एंड नियोनेटल वर्कशॉप' का सोमवार को औपचारिक उद्घाटन हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमेरिका (वर्जीनिया) के बोन सेकोर्स मर्सी हेल्थ चिल्ड्रेन्स हॉस्पिटल के पीडियाट्रिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. अश्विन पिंपलवार, पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के डॉ. एम.एम. मंगल, पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ. यू.एस. परिहार, आयोजन चेयरमैन डॉ. रेणु रॉवका व डॉ. गौरव वधावन और आयोजन सचिव डॉ. प्रवीण झंवर ने गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।

उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. अश्विन पिंपलवार ने लाइव लैप्रोस्कोपिक हर्नियोटॉमी एवं लैप्रोस्कोपिक सीडीएच रिपेयर के माध्यम से जटिल सर्जरी को सुगमता से करने की बारीकियों को समझाया। अपने गेस्ट लेक्चर में उन्होंने कहा कि चिकित्सा जगत में मिनिमली इनवेसिव सर्जरी (एमआईएस) बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है, क्योंकि इसमें चीरा छोटा होता है और रिकवरी बहुत तेजी से होती है।

पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने वर्कशॉप की सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों से न केवल डॉक्टरों के कौशल में वृद्धि होती है, बल्कि मेवाड़ क्षेत्र के मरीजों को भी विश्वस्तरीय चिकित्सा तकनीकों का लाभ मिल सकेगा।

आयोजन सचिव डॉ. प्रवीण झंवर ने बताया कि इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य पीडियाट्रिक सर्जन्स को शिशु और नवजात शल्य चिकित्सा में एडवांस्ड एमआईएस तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है। 20 फरवरी तक चलने वाली इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को ड्राई लैब वीडियो सेशन और लाइव ऑपरेशन ट्रांसमिशन,देश-विदेश के प्रख्यात सर्जन्स के साथ इंटरैक्टिव सेशन और जटिल सर्जरी जैसे थोरैकोस्कोपिक टीईएफ रिपेयर और लैप्रोस्कोपिक पायलोप्लास्टी पर हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग दी जाएगी।

रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

भीम, (निसं)। वर्तमान समय में शिक्षा बिना जीवन अधूरा है शिक्षा ही जननी है वर्तमान कंप्यूटर रूप में शिक्षा का होना अति आवश्यक हो गया है यह संबोधन कस्बे के बादलों चौराहा स्थित सीजी पब्लिक स्कूल में आयोजित विदाई समारोह के दौरान संस्था निदेशक सनोज तोमर ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

उपखंड क्षेत्र में गत कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के दौरान अव्वल रहने वाला विद्यालय श्रीजी पब्लिक सेकेंडरी स्कूल भीम में कक्षा 1० का विदाई समारोह विद्यालय के निर्देशक सनोज तोमर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विदाई समारोह के दौरान निदेशक सनोज तोमर ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा बिना जीवन अधूरा है शिक्षा ही जननी है वर्तमान कंप्यूटर रूप में शिक्षा का होना अति आवश्यक हो चुका है आज संपूर्ण देश में शिक्षा की बदौलत से अपने क्षेत्र के ऐसे कहीं व्यक्ति है जो अच्छी शिक्षा ग्रहण करके कोई आरएस आईपीएस एवं सरकारी मैकमो में उच्च पदों पर आसीन है विदाई समारोह के दौरान निदेशक तो मान्या छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणाम के दौरान अच्छे अंकों अर्जित करने के लिए कहा है जिससे विद्यालय का नाम और आगे बढ सके कोई भी छात्र-छात्राएं परीक्षा परिणाम के दौरान टॉपर बनते हैं तो विद्यालय के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के नाम के साथ माता-पिता का नाम भी एवं गांव का नाम भी सुनहरे अक्षरों में लिया जाता है विदाई समारोह के दौरान कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं ने एक से बढकर एक प्रस्तुतियां देकर सभी को सोचेन के लिए मजबूर कर दिया कार्यक्रम के दौरान जमकर प्रस्तुतियां मनमोहन एवं यादगार बन गई।

विदाई समारोह के दौरान मोहित कोठारी तनिक सामरा कनिष्क लक्ष्कार बिक्रम शेख ग्रुप के सदस्यों ने मंच को सुशोभित किया इस दौरान विद्यालय के विद्यालय प्रिंसिपल कुलदीप सिंह देवनारायण सिंह मनीष सरोहा अनीता अग्रवाल ज्योति शर्मा प्रियंका देवतवाल अनुज सोलंकी परमीत स्वामी आदि संपूर्ण स्टाफगण उपस्थित थे ।उल्लेखनीय है कि श्रीजी पब्लिक सेकेंडरी स्कूल भीम शिक्षा ब्लॉक क्षेत्र के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिता में भी अव्वल रहता है।

अवैध डीजल मय दो वाहन जब्त

उदयपुर,(कासं)। भीण्डर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान कीर की चौकी से होटल पर दबीश देकर अवैध डीजल मय दो वाहन जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान प्रशिक्षु आरपीएस भींडर थानाधिकारी रामकुमार भादू मय टीम ने गश्त के दौरान मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर कीर की चौकी पर स्थित होटल पर पहुंच कर दबीश दी। जहां खड़े पीकअप वाहन व डिजल नुमा टेंकर जब्त कर करीब 5 हजार लीटर डिजल पाया गया। पुलिस के पहुंचने की सूचना मिलने पर मौके से होटल मालिक व अन्य लोग फरार हो गए।

उदयपुर में लायन सफारी व रेप्टाइल्स पार्क का उद्घाटन

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के इको टूरिज्म में सोमवार को नया अध्याय जुड़ गया। बहुप्रतीक्षित सज्जनगढ़ लायन सफारी और रेप्टाइल्स पार्क का पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया के मुख्य आतिथ्य में समारोहपूर्वक लोकार्पण हुआ। कटारिया ने वाइल्डलाइफ रेस्क्यू सेंटर का भी उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि कटारिया ने सर्वप्रथम सज्जनगढ़ बायोलाजिकल पार्क परिसर में नवनिर्मित आधुनिक रेप्टाइल हाउस का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्य वन संरक्षक सेडूराम यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रेप्टाइल हाउस में 10 अत्याधुनिक एंक्लोजर बनाए गए हैं, जिनमें विभिन्न प्रजातियों के सरीसृपों को प्राकृतिक आवास के अनुरूप सुरक्षित रखा गया है। यह सुविधा न केवल वन्यजीव संरक्षण को मजबूती देगी, बल्कि पर्यटकों और विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक भी सिद्ध होगी। इसके पश्चात कटारिया ने वाइल्डलाइफ रेस्क्यू सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने रेस्क्यू सेंटर के एंक्लोजर में रखे गए एशियाई शेर 'सुल्तान' और शेरनी 'सुनैना' को लायन सफारी क्षेत्र में स्वच्छंद विचरण के लिए मुक्त किया।

इसके बाद मुख्य अतिथि कटारिया लायन सफारी के मुख्य द्वार पर पहुंचे, जहां उन्होंने पट्टिका का अनावरण कर औपचारिक उद्घाटन किया। श्री कटारिया सहित अन्य अतिथियों ने विशेष सफारी वाहनों में बैठकर लायन सफारी का अवलोकन किया।

केन्द्रीय कारागृह का निरीक्षण

उदयपुर, 16 फरवरी। माननीय सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वावधान में श्रीमान ज्ञान प्रकाश गुप्ता अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के निर्देशन में एडीजे कुलदीप शर्मा द्वारा केन्द्रीय कारागृह उदयपुर का साप्ताहिक निरीक्षण द्वारा किया गया।

एडीजे कुलदीप शर्मा ने बताया कि पुरूष जेल निरीक्षण के दौरान बंदीजन को मुहैया कराई जा रही चिकित्सा, भोजन, चाय एवं नाश्ते के बारे में जानकारी ली गई। बंदीजन को नि:शुल्क विधिक सहायता, अपील, पैरोल इत्यादि के बारे में भी जानाकारी ली गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर द्वारा लीगल एड डिफेन्स काउंसिल स्कीम के तहत अभियुक्त को अधिवक्ता की सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। पुरूष जेल में क्षमता से अधिक बंदीजन निरूद्ध पाए गए।

पिम्स मेवाड कप: क्रिकेट प्रतियोगिता की ट्रॉफी का अनावरण

उदयपुर,(कासं)। पिम्स सिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित एवं सॉलिटेयर के सह-प्रायोजन से सम्पन्न हो रहे पिम्स मेवाड कप के चौथे संस्करण का आयोजन 17 से 24 फरवरी तक फील्ड क्लब में किया जाएगा। प्रतियोगिता की ट्रॉफी का विधिवत अनावरण आज सॉलिटेयर बैंक्वेट एंड गार्डन में हुआ।

■ 17 से 24 फरवरी तक फील्ड क्लब में होंगे मुकाबले

ट्रॉफी अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पिम्स हॉस्पिटल उमरडा के चेयरमैन एवं सीईओ आशीष अग्रवाल, पिम्स सिटी हॉस्पिटल के सीईओ नमन अग्रवाल, मिराज ग्रुप के विकास पुरोहित, (नेशनल पब्लिसिटी कन्वीनर), राउंड टेबल इंडिया के शशांक सिंघवी तथा सीआईडी के हिमांशु सिंह राजावत की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रतियोगिता की ट्रॉफी का विधिवत अनावरण हुआ।

पिम्स सिटी हॉस्पिटल के सीईओ नमन अग्रवाल ने बताया कि टूर्नामेंट का शुभारंभ 17 फरवरी को प्रात: पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के करकमलों द्वारा किया जाएगा। 17 फरवरी से प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे तथा 24 फरवरी को ट्रॉफी के लिए फाइनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में कुल 8 टीमें ग्रुप 'ए' एवं ग्रुप 'बी' प्रारूप में भाग लेंगी। इस टूर्नामेंट में 4० से अधिक आईपीएल खिलाडी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन का उद्देश्य केवल खेल प्रतिस्पर्धा तक सीमित न होकर एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश से भी जुडा है। इस वर्ष टूर्नामेंट की थीम (कैंसर उन्मूलन का संकल्प) रखी गई है। विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष लगभग 2 करोड लोग कैंसर से प्रभावित होते हैं। चिकित्सकीय विशेषज्ञों के अनुसार समय पर जांच एवं उचित निदान से इस रोग पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

गीतांजलि में एडवांस्ड जायगोमैटिक इम्प्लांटोलॉजी प्रोग्राम सम्पन्न

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली डेंटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, उदयपुर के प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग द्वारा आयोजित एडवांस्ड जायगोमैटिक इम्प्लांटोलॉजी एंड इमीडिएट इम्प्लांट विषय पर दो दिवसीय लाइव सर्जरी एवं हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। 14 एवं 15 फरवरी को आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर प्रतिभागियों को लाइव सर्जरी, व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा उन्नत इम्प्लांट तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में देशभर से आए 350 प्रोस्थोडॉन्टिस्ट, ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन, फैकल्टी मेम्बर्स, पीजी एवं यूजी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। द्वितीय दिवस पर हैंड्स-ऑन सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों को जायगोमैटिक इम्प्लांट प्लेसमेंट, इमीडिएट लोडिंग प्रोटोकॉल, प्टेरिगॉइड इम्प्लांट्स तथा जटिल क्लिनिकल परिस्थितियों में सटीक उपचार योजना बनाने की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गीतांजली ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल उपस्थित रहे। आयोजन समिति के चेयरमैन डॉ. बालाजी मनोहर एवं सचिव डॉ. ज्योति कुंडू ने गीतांजली हॉस्पिटल, उदयपुर के सीईओ ऋषि कपूर, गीतांजली ग्रुप, डॉक्टर्स एवं प्रशासन का आभार जताया। जयपुर से आए वरिष्ठ मैक्सिलोफेशियल सर्जन एवं इम्प्लांटोलॉजिस्ट डॉ. संकल्प मित्तल, राजकीय दंत महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, जयपुर ने प्रतिभागियों को जायगोमैटिक इम्प्लांटोलॉजी की नवीनतम सर्जिकल तकनीकों, जटिल केस मैनेजमेंट तथा सफल उपचार परिणामों के लिए आवश्यक वैज्ञानिक सिद्धांतों की विस्तृत जानकारी दी। लाइव सर्जरी डेमोंस्ट्रेशन के दौरान प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी शंकाओं का समाधान भी प्राप्त किया। प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति कुंडू ने इम्प्लांट प्रॉस्थेसिस के रिहैबिलिटेशन पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें इम्प्लांट के पश्चात् कार्यात्मक एवं एस्थेटिक पुनर्स्थापन की आधुनिक तकनीकों, डिजिटल प्लानिंग तथा दीर्घकालिक सफलता के लिए आवश्यक प्रोटोकॉल पर प्रकाश डाला। उन्होंने जटिल क्लिनिकल केसों के सफल उपचार के अपने अनुभव साझा किए।

समस्याओं का होगा निस्तारण

उदयपुर, (कासं)। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा वर्ष 2026 में उपभोक्ताओं को बेहतर दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध कराने एवं लंबित प्रकरणों के त्वरित समाधान के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कर सेवाओं को अधिक सुचारु एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। अभियान के दौरान विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे और उनका मौके पर समाधान सुनिश्चित करेंगे। साथ ही नेटवर्क सुधार, सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

कार्यालय ग्राम पंचायत लाखागुडा, पंचायत समिति भीम, जिला राजसमंद

क्रमांक: निविदा/ग्रा.पं.हा/2025-26/SPL/06 दिनांक:- 14.02.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26

ग्राम पंचायत लाखागुडा में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्यों/संकर्म हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में आनलाईन निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र कार्यालय समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्राप्त करें।

NIB NO- ZRR2526A0628, ZRR2526A0629
UBN NO- ZRR2526WSRC01050, 1051

प्रशासक	ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत लाखागुडा	ग्राम पंचायत लाखागुडा
पं.स. भीम (राजसमन्द)	पं.स. भीम (राजसमन्द)

कार्यालय नगरपालिका सागवाड़ा जिला डूँगरपुर (राज.)

दूरभाष सं. 02966-252244 ई-मेल sagwadapalika@gmail.com वेबसाईड www.urban.rajasthan.gov.in/ulbsagwara

क्रमांक : न.पा.सा/भूमि/2025-26/4410 दिनांक : 16.02.2026

उजरदारी सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ विज्ञप्ति प्रसारित की जाती है कि कार्यालय नगरपालिका सागवाडा मे निम्न व्यक्तियों द्वारा 69-ए/पूनर्वेद्य पट्टे के लिए आवेदन किया गया हैं। आवेदक द्वारा स्वयं का शपथ पत्र एवं क्षतिपूर्ति बंधपत्र एवं रजिस्टर्ड दस्तावेज प्रस्तुत किया गया हैं।

अतः आवेदक के पैतृक सम्पति हक हकुक एवं मालिकाना स्वामित्व सम्बन्धि किसी व्यक्ति कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन में अपनी आपत्ति मय प्रमाण प्रस्तुत कर देवे। आपत्ति समयावधि के बाद प्रस्तुत करने पर मान्य नही होगी तथा पालिका द्वारा नियमानुसार 69-ए/पूनर्वेद्य पट्टा जारी किया जावेगा। जिसमे बाद में कोई उजर मान्य नहीं होगी। 69-ए/पूनर्वेद्य पट्टा जारी की जाने वाली पैतृक सम्पति का विवरण इस प्रकार हैं :-

क्र. सं.	नाम	वार्ड नं.	विवरण
01	श्री फखरूद्दीन पिता अहमद हुसैन तालाचाबी, श्री अब्दुल कदीर पिता अहमद हुसैन तालाचाबी, श्रीमती फायका पत्नि अहमद हुसैन तालाचाबी, श्रीमती यास्मिन पत्नि अब्बास थांदलावाला निवासी सागवाड़ा	31	पूरब मे भू.सं. 139 पश्चिम मे रास्ता 30' उत्तर मे भू.सं. 137 दक्षिण मे भू.सं. 135
02	श्रीमती शान्ता देवी पत्नि बाबुलाल जैन, श्री नितीन जैन निवासी सागवाड़ा	27	पूरब मे खुली जमीन पश्चिम मे खुली जमीन उत्तर मे बांसवाड़ा रोड दक्षिण मे खुली जमीन
03	श्रीमती शान्ता देवी पत्नि बाबुलाल जैन, श्री नितीन जैन निवासी सागवाड़ा	27	पूरब मे पानी निकासी का नाला पश्चिम मे खुली जमीन उत्तर मे अशरफ हसैन की जमीन दक्षिण मे आम रास्ता
04	श्रीमती आशा पाटीदार पत्नि लालशंकर पाटीदार निवासी सागवाड़ा	03	पूरब मे रास्ता कच्चा पश्चिम मे उम्मेद सिंह का मकान उत्तर मे प्लॉट दक्षिण मे उषा देवी का मकान
05	श्रीमती माया देवी पाटीदार पत्नि विमलेश पाटीदार निवासी नई आबादी पटेलवाड़ा सागवाड़ा	30	पूरब मे आंगन मय रास्ता पश्चिम मे कुरा/गमीरा की भूमि उत्तर मे प्रताप/लालजी का मकान दक्षिण मे वेलजी/लालजी का मकान
06	श्री लालशंकर पाटीदार पिता खेमजी पाटीदार निवासी सागवाड़ा	03	पूरब मे प्लॉट पश्चिम मे रास्ता उत्तर मे शाह विमल कुमार जैन का मकान दक्षिण मे उम्मेद सिंह का मकान
07	श्री शेख आसीफ पिता शेख चाँद निवासी सागवाड़ा	03	पूरब मे कच्चा रास्ता 30' पश्चिम मे अन्य की खुली जमीन उत्तर मे अन्य की खुली जमीन दक्षिण मे अन्य की खुली जमीन
08	श्री कचरूलाल यादव पिता मोहनलाल यादव निवासी सागवाड़ा	26	पूरब मे रास्ता पश्चिम मे रास्ता उत्तर मे अरविन्द/पूंजा यादव का मकान दक्षिण मे प्रताप/लाला यादव का मकान
09	श्रीमती जशोदा पत्नि मणीलाल खटीक, श्री मणिलाल पिता तेजा खटीक निवासी सागवाड़ा	11	पूरब मे रास्ता पश्चिम मे रास्ता उत्तर मे गोविन्द/गलाप का मकान दक्षिण मे नारायण/अम्बालाल का मकान
10	श्रीमती सीमा पाटीदार पत्नि भरत पाटीदार निवासी सागवाड़ा	03	पूरब मे रास्ता कच्चा पश्चिम मे नजर मोहम्मद का मकान उत्तर मे युसुफ ईब्राहिम का मकान दक्षिण मे ज्योति विमल कुमार शाह का मकान
11	श्री सादिया मंसूरी पत्नि रशीद मोहम्मद मंसूरी निवासी सागवाड़ा	02	पूरब मे मुस्ताक का मकान पश्चिम मे शरीफुदीन का मकान उत्तर मे अब्दल हमीद का मकान दक्षिण मे रास्ता
12	श्रीमती कमरूनिशा पिता अब्दुल लतीफ निवासी इन्दिरा कॉलोनी नई आबादी सागवाड़ा	09	पूरब मे रास्ता पश्चिम मे मुस्ताक का प्लॉट उत्तर मे रास्ता दक्षिण मे हामीद शेख का मकान
13	श्रीमती रतना बासोड पत्नि मोतीलाल बासो